राष्ट्रीय युवा दिवस पर याद किए गए स्वामी विवेकानंद

पायनियर समाचार सेवा । लखनऊ

राष्ट्रीय औषधीय शिक्षा एंव अनुसंधान संस्थान (नाईपर) रायबरेली के लखनऊ स्थित ट्रांजिट कैंपस में शुक्रवार को राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया गया। जिनके जीवन ने भारत में कई पीढ़ियों को प्रेरित और विश्व स्तर पर लोगों को प्रभावित किया है। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष डॉ. गोपाल लाल खटीक और शोध छात्रा पूजा सिंह के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किये गए, जिसमें छात्रों, कर्मचारियों और शिक्षकों ने भाग लिया। इस अवसर पर संस्थान की निदेशक प्रो. शुभिनी अशसराफ ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के 1893 में शिकागो सम्मेलन वाले प्रसिद्ध भाषण का संदर्भ भी दिया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि उनके लिए अपना राष्ट्रए अपने राष्ट्र से अस्तित्व की पहचान तथा राष्ट्र हित के लिए बोलना ही सर्वोपरि था। उन्होंने युवा छात्रों को स्वामीजी के जीवन से सीखने और उनके गुणों और मूल्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें आज के युवाओं के विचारों को प्रदर्शित किया गया। इसके उपरांत सैक रेस और लैमन रेस जैसी अन्य मजेदार गतिविधियों का आयोजन किया, जिसमे छात्रों, कर्मचारियों और संकाय सदस्यों ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया।

हिन्दुस्त

संगोष्ठी में स्वामी विवेकानंद को याद किया

लखनऊ। राष्ट्रीय औषधीय शिक्षा,औषधीय संस्थान (नईपर) में युवा दिवस पर कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेने की सीख दी गई। निदेशक प्रो. शुभिनी ने कहा कि विवेकानंद महान वक्ता थे। शिकागो सम्मेलन में दिया उनका भाषण कोई नहीं भूल सकता है। सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष डॉ. गोपाल लाल खटीक, शोध छात्रा पूजा सिंह ने हिस्सा लिया।

National Youth Day- 2023

January 12, 2023